तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशीयल्स जज
न्यायालय संभागीय आयुक्त, बीकानेर

अपील संख्या– 125 / 2022 अंतर्गत धारा–76 एल.आर.एक्ट

(GCMS No.- 2022/166)

अनवान:

1. नाजम सिंह पुत्र श्री जसकरण सिंह
2. गुरसिमरन सिंह पुत्र श्री बलकरण सिंह जाति जटसिख निवासी 25 एफ. तहसील श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर।

बनाम

1. गुरमीत कौर पत्नि श्री रूपिन्द्र सिंह पुत्री स्व. श्री जबरसिंह जाति जटसिख निवासी वार्ड नं. 17, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर।
2. राजस्थान राज्य।

26-6-23

आज यह पत्रावली अभिभाषक अपीलांट श्री ज्ञानसिंह बिश्नोई द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर पेशी में ली गई। अभिभाषकगण उपस्थित। अभिभाषक अपीलांट ने हमारे समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि अपीलांट्स एवं रेस्पोडेन्ट्स के मध्य आपसी सहमति एवं लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है। अपीलांट्स अब अपनी अपील आगे नहीं चलाना चाहते हैं एवं अपील विड्रो करना चाहते है।

हमने अभिभाषक अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों का अवलोकन किया। यह अपील अतिरिक्त जिला कलक्टर (सतर्कता) श्रीगंगानगर के आदेश दिनांक 06.09.2022 के विरूद्ध इस न्यायालय में विचाराधीन है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार प्रार्थी इस अपील को आगे चलाना नहीं चाहते एवं विड्रो करना चाहते है। अतः यह अपील अपीलांट जरिये विड्रावल (withdrawal) इसी स्तर पर खारिज की जाती है। आदेश सुनाया गया। अधिनस्थ न्यायालय का रिकार्ड मय आदेश की प्रमाणित प्रति प्रेषित हो। अपील नंबर से कम होकर पत्रावली बाद तरतीब तकमील दाखिल दफ्तर हो।

(डॉ. नीरज के. पवन)
संभागीय आयुक्त,
बीकानेर

E. Nirmay 2020